C M Y K

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 04 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - शुक्रवार, 20 जून 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

### गंगापुर थाना पुलिस और डीएसटी टीम की बड़ी कार्रवाई

## डकैती की योजना बनाते 6 आरोपी गिरफ्तार, हथियार और बाइकें बरामद

**भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर**

अवैध हथियारों और डकैती की योजना बनाने वाले गैंग का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। डीएसटी टीम और गंगापुर थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 2 अवैध पिस्टल, 1 जिंदा कारतूस, हॉकी स्टिक, बेसबॉल डंडा, टॉर्च और 3 मोटरसाइकिलें बरामद की गई हैं।

एसपी धर्मेन्द्र सिंह के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश मीणा और वृत्ताधिकारी गंगापुर रविकांत सैनी के सुपरविजन में गठित टीम ने यह कार्रवाई की है ।



गंगापुरः हिरासत में आरोपी

पुलिस ने बताया है कि 19 जून की सुबह डीएसटी प्रभारी एसआई कालूलाल माली, थानाधिकारी लीलाधर मालवीय और टीम ने सूचना के आधार पर एनएच-758 पर गंगापुर की ओर जाने वाली रोड पर एक झाड़ी के पास छिपे बदमाशों को पकड़ा। पूछताछ में सामने आया कि वे डकैती की योजना बना रहे थे। पुलिस ने कार्रवाई में मनमोहन पिता शंकर सिंह चुंडावत (30), कोशीथल, थाना रायपुर , केसर पिता जयसिंह जाट (36), कमुनीयो, थाना रायपुर , नारायण पिता हरीशंकर शर्मा (24), पोस्ट ऑफिस कॉलोनी, गंगापुर ,कैलाश पिता नारायण गुर्जर (19), चमनपुरा थाना बनेडा, पायल पत्नी लक्ष्मण लोहार (21), सांवलपुरा, आसींद , संगीता पत्नी गोपाल (22), धरधाना , आवरी माता के पास को हिरासत में लिया है । पुलिस ने बताया है कि आरोपी केसर , कैलाश , मनमोहन सिंह पर पूर्व में भी लूट, मारपीट , चोरी, बलात्कार जैसी गंभीर धाराओं में केस दर्ज होने की जानकारी सामने आई हैं। पुलिस मामले की जांच में जुटी है ।

## खनन क्षेत्र में अब विकास होगा तीव्रः डीएमएफटी नियमों में बड़ा बदलाव, स्थानीय ज़रूरतों पर होगा सीधा खर्च

### मांडलगढ़, बिजौलिया, मांडल, आसींद और जहाजपुर के लिए नए युग की शुरुआत

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

**डॉ. चेतन ठठेरा**

राजस्थान सरकार ने खनन प्रभावित क्षेत्रों के चहुँमुखी विकास के लिए डिस्ट्रिक्ट मिनरल फाउंडेशन ट्रस्ट के संचालन नियमों में ऐतिहासिक बदलाव किए हैं। अब डीएमएफटी फंड की 70 प्रतिशत राशि को पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा और पर्यावरण जैसे उच्च प्राथमिकता वाले क्षेत्रों पर खर्च किया जाएगा, जबकि 30 प्रतिशत राशि बुनियादी ढांचा विकास जैसे सड़कों, पुलों और सिंचाई योजनाओं पर उपयोग होगी।





### खनन क्षेत्रों में विकास को मिलेगा सीधा लाभ, 25 किमी परिधि में होंगे कार्य -

खनन एवं पेट्रोलियम विभाग के प्रमुख सचिव टी. रविकान्त ने बताया कि सरकार के नए प्रावधानों के तहत खनन क्षेत्रों की 25 किमी की परिधि में आने वाले गांवों व कस्बों में सीधे जनहितकारी योजनाएं चलाई जा सकेंगी। इसके लिए जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में गवर्निंग काउंसिल और मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय मॉनिटरिंग कमेटी का गठन किया गया है।

इस बार पहली बार केंद्र सरकार के खान मंत्रालय के प्रतिनिधि को भी राज्य स्तरीय समिति में शामिल किया गया है, जिससे योजना की निगरानी राष्ट्रीय स्तर तक सुनिश्चित होगी।

### मुख्यमंत्री की सोचः खनिज क्षेत्र की कमाई, उसी क्षेत्र के विकास में लगे -

प्रमुख सचिव रविकान्त ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का स्पष्ट निर्देश है कि खनन क्षेत्र से जो भी राजस्व आता है, उसका उपयोग उसी क्षेत्र के समग्र विकास के लिए किया जाए। इस सोच के तहत डीएमएफटी की पूरी संरचना में पारदर्शिता, स्थानीय भागीदारी और नियोजन का वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाया गया है।

### उच्च प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में होगा 70% फंड खर्च -

- पेयजल आपूर्ति एवं जल शुद्धिकरण योजनाएं
- स्वास्थ्य सुविधाएं, अस्पताल, सिलिकोसिस जैसे रोगों की रोकथाम
- शिक्षा क्षेत्र में स्कूल भवन, पुस्तकालय, स्मार्ट क्लास, खेल मैदान, टॉयलेट आदि
- महिला एवं बाल कल्याण, आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण
- युवाओं का कौशल विकास, प्रशिक्षण केंद्र, छात्रावास व वृद्धाश्रम
- ग्रामीण स्वच्छता, शौचालय, पीने का पानी और हाउसिंग योजनाएं
- कृषि और पशुपालन विकास

### 30% फंड इन अधोसंरचना कार्यों में होगा खर्च -

- सड़क, पुल और रेल संपर्क
- सिंचाई परियोजनाएं, वॉटरशेड विकास
- ऊर्जा परियोजनाएं व अन्य संरचनात्मक कार्य

50 करोड़ से अधिक फंड वाले जिलों में बनेगी पीएमयू इकाई

जहां भी DMFT फंड 50 करोड़ रुपये से अधिक संग्रहित होगा, वहां प्रोजेक्टमैनेजमेंट यूनिट का गठन होगा, जो प्रशासनिक, तकनीकी और योजना सहायता प्रदान करेगा।

इसके साथ ही, कुल फंड का 10त भाग "एंडोवमेंट फंड" के रूप में सुरक्षित रखा जाएगा, जिससे दीर्घकालिक और आपातकालीन उपयोग सुनिश्चित हो सकेगा।

राज्य स्तरीय मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक वर्ष में दो बार, और जिलास्तरीय गवर्निंग काउंसिल की बैठक हर तीन महीने में एक बार आयोजित होगी।


### खनन रॉयल्टी से ऐसे होता है फंड संग्रह

### DMFT फंड में निम्न प्रकार से संग्रह किया जाता है-

- मेजर मिनरल (पुरानी खदानें)-30%
- मेजर मिनरल (नीलामी से स्वीकृत)-10%
- माइनर मिनरल- रॉयल्टी का 10%

खनिज निदेशक दीपक तंवर ने बताया कि नए नियमों की अधिसूचना जारी कर दी गई है, और इससे खनन क्षेत्रों में पारदर्शी व परिणाममुखी योजनाएं लागू की जा सकेंगी।

## पहली बारिश में पूरे वेग से बहा भड़क झरना, लवकुश वाटिका अधूरी, सफाई व सड़क समस्याओं पर चिंता



भड़क में बहने लगा झरना



भड़क मित्र मंडल के सदस्यो ने की पर्यटन स्थल पर सुधार की माँग

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया**

ग्राम पंचायत छोटी बिजौलिया के राजस्व ग्राम छतरीखेड़ा स्थित प्रसिद्ध भड़क झरना इस बार पहली ही बारिश में पूरे वेग से प्रवाहित हो गया है। क्षेत्र में अच्छी वर्षा के चलते तालाबों, नालों और प्राकृतिक जल स्रोतों में जलस्तर बढ़ गया है, जिससे पूरा इलाका प्राकृतिक सौंदर्य से सराबोर हो गया है। बारिश के साथ ही आस-पास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में पर्यटक झरने पर पिकनिक के लिए पहुंचने लगे हैं। तेज़ बहाव और हरियाली के बीच नहाते युवाओं की चहल-पहल से झरना क्षेत्र में रौनक लौट आई है।

झरने की गंदगी और अधूरे निर्माण पर भड़क मित्र मंडल ने जताई चिंता

पर्यटन के बढ़ते कदमों के साथ ही झरने की स्वच्छता पर चिंता भी सामने आई है। भड़क मित्र मंडल के सदस्य कमलेश सेन, लोकेश सुथार, योगेश तरोलिया व किशन राठौर ने बताया कि झरने के पास पॉलीथीन, पानी की बोतलें और अन्य कचरा बिखरा पड़ा हुआ है, जिससे प्राकृतिक सौंदर्य और पर्यावरण को नुकसान हो रहा है।

उन्होंने बताया कि राजस्थान सरकार के बजट सत्र 2022 में 2 करोड़ की लागत से प्रस्तावित लवकुश वाटिका का निर्माण कार्य अभी तक पूरा नहीं हुआ है। इससे क्षेत्र में गहरा रोष है , उन्होंने निर्माण की गुणवत्ता की जांच और संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है।

### बारिश से रास्ते बिगड़े, पुलिया के पास बना खतरा

भड़क झरने तक पहुँचने वाला लाल मिट्टी का कच्चा रास्ता कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त हो गया है। जगह-जगह कीचड़ व फिसलन से वाहनों की आवाजाही बाधित हो रही है। नदी की बड़ी पुलिया के पास बना गड्ढा भी बड़ा खतरा बन गया है, जहाँ से अब वाहन नहीं निकल पा रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से समय रहते सुधार की मांग की है ताकि आने वाले पर्यटकों को असुविधा न हो।

### बारिश में लाखों सैलानी आते हैं, जाम और भीड़ से होती है परेशानी -

मेनाल और भीमलत झरनों के बाद भड़क झरना क्षेत्र का तीसरा सबसे लोकप्रिय जलप्रपात बन चुका है। मानसून में यहाँ हज़ारों की संख्या में पर्यटक पिकनिक के लिए आते हैं। इस कारण छोटी बिजौलिया, थड़ोदा और आसपास के मार्गों पर भारी जाम की स्थिति बन जाती है।






C M Y K

# आकोला में भाजपा नंदराय मंडल द्वारा योग प्रशिक्षण शिविर आयोजित



**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला**

(रमेश चंद्र डाड) - कस्बे में गुरुवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में भाजपा नंदराय मंडल द्वारा योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन भाजपा प्रदेश एवं जिला संगठन के निर्देशानुसार मंडल अध्यक्ष प्रकाश सांगावत के सानिध्य में संपन्न हुआ। शिविर में मंडल मंत्री अनिल शर्मा ने कार्यकर्ताओं एवं उपस्थित ग्रामीणों को अनुलोम विलोम, कपालभाति, सूर्य नमस्कार की विभिन्न योग क्रियाओं का प्रशिक्षण दिया। प्रियदर्शी पारीक ने योग को आध्यात्मिकता से जोड़ते हुए ओंकार मंत्र का लोगों से उच्चारण करवाया। शिविर में भाग लेने वाले लोगों को मंडल अध्यक्ष प्रकाश सांगावत ने योग को अपने जीवन में शामिल कर निरोगी रहने का मंत्र दिया। इस दौरान मंडल महामंत्री दुष्यंत शर्मा, जीवा का खेड़ा पूर्व सरपंच शोभालाल जाट, कोटडी पूर्व उप प्रधान बृजराज कृष्ण उपाध्याय, प्रधान जाट, ग्राम पंचायत प्रतिनिधि विकास पाराशर, शंकर जाट, देव किशन गुर्जर, जसवंत पारीक,सत्यनारायण तेली, पप्पू खटीक, कैलाश तेली, भानु प्रताप पारीक, अंकित सेन, प्रभु तेली, दुर्गा लाल बलाई,नारायण माली सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे ।

# योगः एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य की ओर

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



**डॉ. प्रतिष्ठा ठाकुर**

**प्रधानाचार्य, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, सवाईपुर**

21 जून को हम अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाते हैं। यह दिन केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक विश्वव्यापी चेतना का प्रतीक बन चुका है। इस वर्ष की थीम है – एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य÷, जो इस बात का संदेश देती है कि मानव मात्र का स्वास्थ्य केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि वैश्विक चेतना, पर्यावरण और समाज से भी जुड़ा हुआ है।

योग भारत की उस महान परंपरा का हिस्सा है, जो शरीर, मन और आत्मा को जोड़कर समग्र स्वास्थ्य की दिशा में कार्य करती है। यह केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि एक जीवन शैली है – विज्ञान और अध्यात्म का अद्भुत समन्वय।

## योग का विद्यालयीन महत्व -

विद्यालय एक ऐसा स्थान है जहाँ विद्यार्थी न केवल शिक्षा, बल्कि जीवन के मूल्यों की भी नींव रखते हैं। योग, विद्यार्थियों के व्यक्तित्व को संतुलित, अनुशासित और मानसिक रूप से सशक्त बनाने का माध्यम है। योग के अभ्यास से विद्यार्थी में एकाग्रता, आत्मविश्वास और तनाव नियंत्रण की क्षमता विकसित होती है।

आज के दौर में जब मोबाइल, सोशल मीडिया और प्रतिस्पर्धा से विद्यार्थियों का मानसिक संतुलन डगमगाने लगा है, तब योग उन्हें आंतरिक शांति और स्थिरता प्रदान करता है। यही कारण है कि विद्यालयों में योग को नियमित अभ्यास के रूप में अपनाया जाना चाहिए।

## योग का वैज्ञानिक और सामाजिक पक्ष -

योग का आधार अष्टांग योग है – यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि। ये सभी अंग हमारे जीवन को शारीरिक, मानसिक और नैतिक रूप से परिपक्व बनाते हैं। योग हमें यह सिखाता है कि हम बाहरी दुनिया में सक्रिय रहते हुए भी भीतर से शांत और स्थिर कैसे रह सकते हैं।

योग केवल व्यक्ति का नहीं, समाज और राष्ट्र का भी निर्माण करता है। एक स्वस्थ विद्यार्थी, एक सशक्त परिवार, और एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में उभरता है। जब समाज का हर व्यक्ति मानसिक और शारीरिक रूप से संतुलित होगा, तभी एक स्वस्थ और प्रगतिशील राष्ट्र की कल्पना साकार हो सकेगी।

## 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य' - थीम का संदेश -

आज जब दुनिया वैश्विक महामारी, मानसिक तनाव और पर्यावरणीय असंतुलन से जूझ रही है, योग हमें प्रकृति से जुड़ने, सामूहिक चेतना को जाग्रत करने और संतुलित जीवन जीने की प्रेरणा देता है। यह थीम हमें याद दिलाती है कि व्यक्तिगत स्वास्थ्य तभी संभव है जब समाज, पर्यावरण और पूरा विश्व संतुलन में हो।

## आइए, हम योग को जीवन का हिस्सा बनाएं-

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस हमें केवल एक दिन योग करने का संदेश नहीं देता, बल्कि यह हमें अपने जीवन में योग को नित्य अभ्यास के रूप में अपनाने की प्रेरणा देता है। आइए, हम सभी विद्यार्थी, अभिभावक, शिक्षक और नागरिक मिलकर योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करें और स्वस्थ, सशक्त और संतुलित जीवन की ओर कदम बढ़ाएं। योग कोई दिखावा नहीं, यह स्वयं को जानने की साधना है। इस योग दिवस पर हम सब मिलकर इसका प्रचार न करें, बल्कि इसका आचरण करें।

# मालीपुरा त्रिराहा बना तालाब, सड़क से पहले बना जलभराव का संकट

**नाले की ऊंचाई व दिशा पर सवाल, पहली बारिश में ही बहा उम्मीदों का बहाव**





**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया**

नगर के मालीपुरा त्रिराहे पर डीएमएफटी योजना के तहत करीब 2 करोड़ रुपये की लागत से सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया है, लेकिन शुरुआत के साथ ही स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों की परेशानी भी शुरू हो गई है।

सड़क निर्माण के साथ बनाए जा रहे नाले की दिशा और ऊँचाई को लेकर लोगों ने विरोध जताया है। नाले के गलत निर्माण के चलते त्रिराहे पर 4 से 5 फीट तक पानी भर गया है, जिससे पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है।

## राहत की बजाय मुसीबत बन रही सड़क -

स्थानीय दुकानदार गोपाल धाकड़ ने बताया कि वर्षों से जर्जर सड़क की समस्या झेल रहे लोग इस निर्माण कार्य से राहत की उम्मीद कर रहे थे, लेकिन नाले की ऊँचाई और बहाव दिशा की लापरवाही ने परेशानी बढ़ा दी है। उन्होंने बताया कि अभी तो काम शुरू ही हुआ है और सड़क तालाब बन गई है, आगे क्या होगा?÷

धाकड़ ने आरोप लगाया कि नाला सड़क की सतह से ऊँचा बना दिया गया है, जिससे बारिश का पानी बाहर निकलने की बजाय सड़क पर भर रहा है और दुकानों में घुसने की आशंका बढ़ गई है।

## पुरानी समस्या, बार-बार अनदेखी

स्थानीय निवासी मुकेश ने बताया कि यह समस्या नई नहीं है। यह त्रिराहा नेशनल हाईवे 27 से जुड़ने वाला लिंक रोड है, जहां हर वर्ष बारिश में पानी भरता है। उन्होंने कहा, ÷हर बार जलभराव होता है, हर बार अधिकारी देखते हैं, पर कोई समाधान नहीं होता। मुकेश का कहना है कि निर्माण कार्य शुरू करने से पहले स्थल का तकनीकी निरीक्षण और जलनिकासी की सही योजना बनाई जानी चाहिए थी, लेकिन इसे नजरअंदाज कर दिया गया।

# गेणोली में झमाझम बारिश से किसानों के चेहरे खिले

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ**

उपखंड के गेणोली गांव में गुरुवार सुबह से रुक-रुक कर हुई झमाझम बारिश ने किसानों के चेहरे खिला दिए। लंबे समय से तपती गर्मी और उमस से परेशान ग्रामीणों को बारिश ने बड़ी राहत दी है।

बारिश के चलते क्षेत्र में तापमान में गिरावट दर्ज की गई, जिससे वातावरण ठंडा और सुहावना हो गया। कई स्थानों पर लोग घरों की छतों और गलियों में निकलकर बारिश का आनंद लेते नजर आए। बारिश के बाद गर्म हवाओं की तीव्रता में कमी आई और लोगों ने राहत की सांस ली।



सड़कें भीगने लगीं और खेतों में नमी आ गई, जिससे किसानों में उत्साह का संचार हुआ। किसानों ने बारिश के बाद खेतों की ओर रुख किया और खाद-बीज की खरीदारी कर बुवाई की तैयारियों में जुट गए।

# श्री जोगणिया माता शक्तिपीठ पर 21 जून को मनाया जाएगा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**भीलवाड़ा फोकस @ बेंगू**

**दिनेश गुर्जर** - श्री जोगणिया माता शक्तिपीठ परिसर स्थित रामलीला मैदान में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सुबह 6ः30 से 8 बजे तक सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। संस्थान के अध्यक्ष सत्यनारायण जोशी ने बताया कि कार्यक्रम राज्य सरकार, देवस्थान विभाग एवं स्थानीय प्रशासन के दिशा-निर्देशों के अनुसार आयोजित किया जा रहा है। योग दिवस में संस्थान के सदस्य, कर्मचारी, वेद विद्यालय के बटुक व अध्यापकगण, एवं भक्तगण भाग लेंगे।



# भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल ने किया पुलिस कंट्रोल रूम का निरीक्षण

## जर्जर भवनों के पुनर्निर्माण की जताई जरूरत

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

मूलचन्द पेसवानी

भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल ने गुरूवार को रेलवे स्टेशन के समीप स्थित पुलिस कंट्रोल रूम परिसर का निरीक्षण किया। यह निरीक्षण पुलिस के उच्च अधिकारियों के आग्रह पर किया गया, जिसमें कंट्रोल रूम परिसर में स्थित अभय कमांड कक्ष, महिला थाना और अन्य कार्यालय भवनों की जर्जर स्थिति पर चर्चा की गई। निरीक्षण के दौरान सांसद ने सभी भवनों की हालत का जायजा लेते हुए नए बहुमंजिला भवन निर्माण की आवश्यकता जताई।

### सांसद ने जताई प्रतिबद्धता, सरकार को भेजा जाएगा प्रस्ताव-

सांसद दामोदर अग्रवाल ने मौके पर कहा कि पुलिस विभाग के कार्यों में गति लाने और आमजन की सुरक्षा के लिहाज से यह जरूरी है कि पुलिस के पास आधुनिक सुविधाओं से युक्त भवन हो। उन्होंने कहा कि वे शीघ्र ही एक उच्च स्तरीय जांच करवाकर जर्जर भवनों की स्थिति पर रिपोर्ट तैयार करवाएंगे और नया भवन निर्माण प्रस्ताव जिलाधीश के माध्यम से राज्य सरकार को भेजेंगे।

### भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर बनेगा बहुमंजिला भवन-

सांसद अग्रवाल ने स्पष्ट किया कि शहर की बढ़ती हुई आबादी, ट्रैफिक दबाव और कानून-व्यवस्था की जटिलताओं को ध्यान में रखते हुए एक सर्वसुविधायुक्त बहुमंजिला भवन का निर्माण आवश्यक हो गया है। यह भवन न केवल पुलिस कंट्रोल रूम बल्कि महिला थाना, साइबर क्राइम, अभय कमांड और अन्य प्रमुख इकाइयों के लिए एकीकृत परिसर के रूप में कार्य करेगा।

### भवनों की हालत बेहद खराब, कुछ जर्जर अवस्था में-

निरीक्षण के दौरान सांसद अग्रवाल को बताया गया कि कंट्रोल रूम परिसर में मौजूद अधिकांश भवन बहुत पुराने और उपयोग के लिए असुरक्षित हो चुके हैं। इनमें कुछ तो इतने जर्जर हैं कि बारिश के दौरान पानी टपकता है और दीवारों में दरारें भी आ चुकी हैं।




इस स्थिति को देखते हुए नए भवन निर्माण की संभावना पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।

### पीडब्लूडी अधिकारियों ने भी दी नए निर्माण की सलाह-

इस मौके पर पीडब्लूडी के अधिकारी भी उपस्थित थे, जिन्होंने भी कंट्रोल रूम परिसर की वर्तमान स्थिति को देखते हुए भवनों के पुनर्निर्माण की सिफारिश की। अधिकारियों ने बताया कि मौजूदा भवनों की मरम्मत से ज्यादा सार्थक होगा कि नए सिरे से आधुनिक तकनीकों के साथ एक नया भवन बनाया जाए।

नवीन भवन से मिलेगा पुलिस को सशक्त आधार सांसद प्रवक्त विजय झुरानी ने बताया कि वर्तमान समय में पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली में तकनीकी संसाधनों की बड़ी भूमिका होती है। ऐसे में आधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर की जरूरत सबसे अहम है। यदि प्रस्तावित बहुमंजिला भवन का निर्माण होता है, तो इससे पुलिस को न केवल बेहतर कार्यस्थल मिलेगा, बल्कि आमजन को भी समयबद्ध व प्रभावी पुलिस सेवाएं मिलेंगी।

**निरीक्षण में ये अधिकारी रहे मौजूद--**

निरीक्षण के दौरान सांसद के साथ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पारस जैन, सीओ शहर मनीष बड़गुजर, च्व्क् अधिकारीगण, पुलिस प्रशासन के अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। मौके पर सांसद प्रतिनिधि विनोद झुरानी ने जानकारी दी कि सांसद अग्रवाल स्वयं इस मुद्दे पर गंभीर हैं और जल्द से जल्द इसका समाधान निकालने के पक्षधर हैं।

# बिजौलिया उप जिला चिकित्सालय में डॉक्टरों की भारी कमी

## ब्लॉक कांग्रेस के संगठन मंत्री ने चिकित्सा मंत्री को भेजा पत्र, फिजिशियन से लेकर सर्जन तक की नियुक्ति की मांग

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया

नगर के उप जिला चिकित्सालय में चिकित्सकीय स्टाफ की भारी कमी को लेकर स्थानीय स्तर पर आक्रोश पनप रहा है। इसी संदर्भ में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के संगठन महामंत्री शक्ति नारायण शर्मा ने राजस्थान सरकार के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री को पत्र लिखकर अस्पताल में रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्तियों की मांग की है।

### 22 में से केवल 6 डॉक्टर कार्यरत, आमजन बेहाल -

शर्मा ने पत्र में बताया कि अस्पताल में कुल 22 डॉक्टरों के पद स्वीकृत हैं, लेकिन वर्तमान में केवल 6 चिकित्सक ही सेवाएं दे रहे हैं। इससे न सिर्फ अस्पताल की कार्यक्षमता प्रभावित हो रही है, बल्कि आसपास के हजारों ग्रामीणों को उचित इलाज के लिए कोटा या भीलवाड़ा तक जाना पड़ रहा है।

### सर्जन नहीं, स्टाफ नहीं – एनेस्थीसिया विशेषज्ञ व्यर्थ -

शर्मा ने अस्पताल में थिएटर सर्जन और अटेंड स्टाफ के अभाव की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए बताया कि एनेस्थीसिया स्पेशलिस्ट की नियुक्ति होने के बावजूद संचालन संभव नहीं है। इसे उन्होंने प्रशासनिक संसाधनों की गलत योजना बताया और कहा कि अधूरी व्यवस्थाएं आमजन को भ्रमित कर रही हैं।

### दुर्घटनाएं बढ़ी, ऑर्थोपेडिक सर्जन नहीं, ब्लड बैंक का भी अभाव

राष्ट्रीय राजमार्ग-27 से सटे बिजौलिया क्षेत्र में आए दिन सड़क हादसे होते हैं, लेकिन अस्पताल में ऑर्थोपेडिक सर्जन का पद रिक्त है। ब्लड बैंक की अनुपलब्धता के कारण भी दुर्घटना पीड़ितों को तुरंत प्राथमिक उपचार नहीं मिल पा रहा और उन्हें बाहर रेफर करना पड़ता है।




### सोनोग्राफी मशीन उपलब्ध, पर टेक्नीशियन नहीं -

शर्मा ने बताया कि स्थानीय विधायक के प्रयास से विधायक कोष से सोनोग्राफी मशीन तो उपलब्ध करवा दी गई है, लेकिन टेक्नीशियन के अभाव में यह भी उपयोग में नहीं आ रही। फिलहाल महिला रोग विशेषज्ञ केवल गर्भवती महिलाओं की जांच कर रही हैं, जबकि अन्य मरीजों को कोटा या भीलवाड़ा भेजा जा रहा है।

### कांग्रेस की मांग: नियुक्तियां हों और सुविधाएं मिलें -

शर्मा ने पत्र में मांग की है कि उप जिला चिकित्सालय में फिजिशियन डॉक्टर, ऑर्थोपेडिक सर्जन, जनरल सर्जन, ऑपरेशन थिएटर स्टाफ, ब्लड बैंक की स्थापना और सोनोग्राफी टेक्नीशियन की शीघ्र नियुक्ति की जाए। उन्होंने कहा कि यदि ये आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण होती हैं, तो आमजन को काफी राहत मिलेगी और मामूली बीमारियों या दुर्घटनाओं के मामले में बाहर के बड़े अस्पतालों पर निर्भरता कम होगी।

# 24 जून से शुरू होगा पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

## जिला कलेक्टर जसमीत संधू ने दिए निर्देश - अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

राज्य सरकार की मंशा अनुसार अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक जनकल्याणकारी योजनाएं पहुँचाने के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा 24 जून से 9 जुलाई तक आयोजित किया जाएगा। पखवाड़े की तैयारी को लेकर जिला कलेक्टर श्री जसमीत संधू की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी ब्लॉक स्तरीय चिकित्सा अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने यूडीआईडी कार्ड वितरण, एमएनडीवाई दवा आपूर्ति, आयुष्मान भारत कार्ड, एनसीडी व टीबी स्क्रीनिंग, सिलिकोसिस पीड़ित चिन्हांकन और टीकाकरण कवरेज बढ़ाने पर जोर दिया।




भीलवाड़ा : वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में दिए गए निर्देश

उन्होंने बारिश में मौसमी बीमारियों से निपटने के लिए चिकित्सा संस्थानों को तैयार रहने के निर्देश भी दिए। सीएमएचओ डॉ. सी.पी. गोस्वामी ने विभागीय प्रगति प्रस्तुत की और स्वास्थ्य कर्मियों से अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील की। वीसी में जिला व ब्लॉक स्तरीय अधिकारी, बीसीएमओ, चिकित्सा प्रभारी, एलएचवी, टीबी सुपरवाइजर, एएनएम और आशा सहयोगिनियों ने भाग लिया।

---

**QUICK BITES**

## बिजौलिया उपखंड पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर होंगे विविध कार्यक्रम

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया



बिजोलिया - योग दिवस से पूर्व तैयारिया करते हुए

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को उपखंड मुख्यालय पर सुबह योग से जुड़े विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस वर्ष की थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य निर्धारित की गई है, जो समग्र स्वास्थ्य एवं प्रकृति के संतुलन को समर्पित है।

योगाचार्य अभिषेक तेली ने बताया कि उपखंड व पंचायत स्तरीय मुख्य समारोह सुबह 6:15 बजे से 7:50 बजे तक राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में उपखंड के समस्त कार्यालयों के अधिकारी-कर्मचारी तथा ग्रामीणजन भाग लेंगे।

योगाचार्य ए.एस. तेली एवं डॉ. संजय नागर ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 11 दिसंबर 2014 को पारित अपने प्रस्ताव के माध्यम से 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया था। इसके बाद वर्ष 2015 से यह दिवस विश्वभर में स्वास्थ्य जागरूकता के एक जन आंदोलन के रूप में मनाया जा रहा है।

कार्यक्रम को लेकर उपखंड प्रशासन द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं और समस्त विभागों को भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

## थलखुर्द गांव में कीचड़ से परेशान ग्रामीण, रास्तों में जलभराव से गुजरना मजबूरी

भीलवाड़ा फोकस @ काछोला



काछोला: रास्ते में हो रहा जलभराव

मांडलगढ़ पंचायत समिति राजस्व गांव थलखुर्द में बरसात के दिनों में आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गांव के रास्तों में जलभराव और कीचड़ के चलते लोगों को आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

वार्ड प्रतिनिधि शंकरलाल गुर्जर ने बताया कि ग्राम पंचायत थलकलां की सरपंच एवं सचिव की जनहित के कार्यों के प्रति उदासीनता के कारण थलखुर्द के निवासी आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। खासतौर पर बरसात के समय गांव के आम रास्तों में पानी भर जाता है, जिससे गली-मोहल्लों में कीचड़ फैल जाता है और ग्रामीणों को उसी में होकर आना-जाना करना पड़ता है।

गुर्जर ने ग्राम पंचायत से मांग की है कि गांव में जलनिकासी की समुचित व्यवस्था की जाए और जलभराव वाले स्थानों पर मिट्टी डालकर रास्तों को दुरुस्त किया जाए ताकि ग्रामीणों को कीचड़ से राहत मिल सके।

'भीलवाड़ा फोकस'
अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।
Mo.– 8696795959
Bhilwarafocus@gmail.com
BHILWARA Focus
भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

# बिजौलिया की चरमराती सफाई व्यवस्था बनी जनता की मुसीबत

## जनता परेशान, नेता सोशल मीडिया पर समाधान ढूंढने में व्यस्त

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया



नगरपालिका क्षेत्र में सफाई कर्मचारियों की हड़ताल को डेढ़ माह से अधिक हो चुका है, लेकिन समाधान की कोई दिशा अब तक नहीं दिख रही है। नगर की सड़कों से लेकर गलियों और नालियों तक गंदगी का साम्राज्य फैला हुआ है। आमजन बीमारियों के डर और बदबू के बीच जीवन जीने को मजबूर हैं, जबकि जिम्मेदार जनप्रतिनिधि समस्या के समाधान की बजाय सोशल मीडिया पर सक्रिय नजर आ रहे हैं।

### गली-गली कचरे के ढेर, नगरवासी हो रहे बेहाल -

शहर में जगह-जगह कचरे के ढेर लगे हुए हैं। नालियां जाम हैं, जिससे गंदा पानी सड़कों पर फैल रहा है। कीचड़ और बदबू से वातावरण दूषित हो चुका है। पहली बारिश ने स्थिति और बदतर कर दी है। मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है और संक्रामक बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है।

### प्रशासन और सफाईकर्मी दोनों अड़े, समाधान नदारद -

प्रशासन और हड़ताली कर्मचारियों के बीच बातचीत विफल हो चुकी है। सफाईकर्मी छंटनी का आरोप लगा रहे हैं, जबकि प्रशासन इसे बजट और आवश्यकता के अनुसार लिया गया कदम बता रहा है। नगरपालिका द्वारा चलाया गया 'अपना कचरा - अपनी जिम्मेदारी' अभियान भी अपेक्षित परिणाम नहीं दे सका।

### जनता की पीड़ा बनी "रील" - जिम्मेदारों की चुप्पी पर सवाल -

नगर के युवाओं ने सोशल मीडिया पर गंदगी और अव्यवस्था के खिलाफ मुहिम छेड़ी है। कोई वीडियो बना रहा है, कोई पोस्टर साझा कर रहा है, लेकिन धरातल पर कोई ठोस विरोध या समाधान नजर नहीं आ रहा। जनप्रतिनिधि भी सोशल मीडिया तक सीमित हैं कोई ट्वीट कर रहा है, तो कोई फेसबुक पोस्ट डाल रहा है, लेकिन नगर की गलियों में गंदगी जस की तस बनी हुई है।

### समस्या गंभीर, पर समाधान का अभाव

बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे सबसे अधिक प्रभावित हैं। बीमारियों का डर अलग है, और प्रशासनिक चुप्पी से नाराजगी भी बढ़ रही है। नागरिक पूछ रहे हैं – ÷हम कहां जाएं?÷ जब हर जगह से जवाब टालू रवैये में मिले तो जनता का विश्वास भी डगमगाने लगता है।

# पहली ही बारिश में खुली सफाई व्यवस्था की पोल

## 9 घंटे में 82 मिमी बारिश, गलियों से लेकर बस स्टैंड तक फैली कीचड़ और गंदगी

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया

(गर्वित)- मानसून की पहली ही बारिश ने नगर की सफाई और नाली व्यवस्था की पोल खोल कर रख दी है। नगर के विभिन्न हिस्सों में जलभराव और कीचड़ की स्थिति ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है।

तहसील प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार सुबह 7 बजे से शाम 4 बजे तक महज 9 घंटों में 82 मिमी बारिश दर्ज की गई, जिससे नगर की कमजोर सफाई व्यवस्थाएं उजागर हो गईं।

### नालियों की सफाई नहीं, सड़कें बनी गंदे पानी का बहाव -

पहले से जाम पड़ी नालियों के कारण बारिश का पानी घरों से निकलकर सीधे सड़कों पर फैल गया। गली-मोहल्लों में गंदा पानी जमा हो गया, जिससे कीचड़ और बदबू से आमजन परेशान हैं। मच्छरों की संख्या में अचानक वृद्धि देखी जा रही है, जिससे डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है।

### मुख्य चौराहों पर हालात गंभीर -

बारिश के चलते सब्जी मंडी, पंचायत चौक और रोडवेज़ बस स्टैंड जैसे प्रमुख स्थानों पर जलभराव हो गया। इन इलाकों में कीचड़ और फिसलन के कारण राहगीरों और वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कई स्थानों पर वाहन कीचड़ में फंसते देखे गए।





बिजौलिया - सब्जी मंडी में बारिश के बाद सड़क पर भरा पानी

**जनता बेहाल, व्यवस्था लाचार -**

नगरपालिका क्षेत्र में पिछले कई सप्ताह से सफाई व्यवस्था ठप पड़ी है। कर्मचारी हड़ताल पर हैं और प्रशासनिक प्रयास भी विफल हो चुके हैं। ऐसे में मानसून की पहली ही बारिश ने नगरपालिका की तैयारी और जिम्मेदारी दोनों पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# भीलवाड़ा जनसुनवाई निस्तारण में प्रदेश में प्रथम




भीलवाड़ा - जनसुनवाई एवं सतर्कता समिति की बैठक में मौजूद अधिकारी

## 100 से अधिक परिवादों की सुनवाई, 9 सतर्कता प्रकरणों को भी सुना

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा


**भीलवाड़ा** । राज्य सरकार की जनसुनवाई व्यवस्था में भीलवाड़ा जिला प्रकरणों के समयबद्ध निस्तारण में प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा है। इस उपलब्धि की सराहना राज्य के मुख्य सचिव सुधांश पंत ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की और अन्य जिलों को भी त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। जनसुनवाई एवं सतर्कता समिति की बैठक में जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधु ने अधिकारियों से कहा कि वे जन परिवादों का गुणवत्तापूर्ण और संवेदनशील तरीके से निस्तारण करें ताकि आमजन को राहत मिल सके। बैठक में 100 से अधिक जन परिवाद और 9 सतर्कता प्रकरणों की सुनवाई की गई। अतिक्रमण, राजस्व, बिजली जैसी समस्याओं पर मौके पर ही राहत दी गई। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर ओमप्रकाश मेहरा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, उपखंड व ब्लॉक स्तरीय अधिकारी वीसी के माध्यम से जुड़े।




**QUICK BITES**

## अभय कमाण्ड कन्ट्रोल सेन्टर का सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के अतिरिक्त निदेशक ने किया निरीक्षण

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाडा




सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग के अतिरिक्त निदेशक, सुदर्शन सिंह देवडा, ने अभय कमाण्ड कन्ट्रोल सेन्टर का गुरूवार को निरीक्षण किया। देवडा ने अभय कमाण्ड सेन्टर परिसर में लगे वीडियो कक्ष में प्रदर्शित हो रहे लाईव कैमरों की फीड का अवलोकन किया तथा सीसीटीवी पोल, ऑप्टिकल फाईबर केबल तथा अन्य उपकरणों की देखरेख एवं संचालन के संबंध में दिशा निर्देश दिये।

संयुक्त निदेशक पवन नानकानी ने बताया कि अभय कमाण्ड सेन्टर में वर्तमान में 309 कैमरे लाईव प्रदर्शित हो रहे है तथा अभय कमाण्ड सेन्टर के कैमरों के निर्बाध रूप से संचालन के संबंध में आवश्यक तकनीकी सहयोग सूचना प्रोद्योगिकी और संचार विभाग द्वारा प्रदान किया जाता है। निरीक्षण के दौरान प्रोग्रामर मनोज कुमार धाकड, सहायक प्रोग्रामर सचिन देव कानावत एवं प्रोजेक्ट मेनेजर अभिषेक शर्मा भी उपस्थित रहे।

**अखिल भारतीय माहेश्वरी सेवा सदन पुष्कर की पहल**

## तीसरी संतान होने पर सात परिवारो को मिली 50-50 हजार रुपये की एफडी

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाडा





**(पंकज पोरवाल)** अखिल भारतीय माहेश्वरी सेवा सदन पुष्कर द्वारा माहेश्वरी समाज की घटती जनसंख्या की समस्या से निपटने के लिए एक अनोखा फैसला लिया है। समाज में तीसरी संतान होने पर 50,000 रुपये की एफडी (फिक्स्ड डिपॉजिट) दी जाएगी। उसी के तहत अखिल भारतीय माहेश्वरी सेवा सदन पुष्कर के अध्यक्ष रामकुमार भुतडा के निर्देशानुसार गुरूवार को भीलवाडा मे शाम की सब्जी मंडी स्थित इन्द्रप्रस्थ टॉवर मे तीसरी संतान होने पर सात परिवारो को 50-50 हजार रुपये की फिक्स डिपोजिट प्रदान की गई। इस दौरान महासभा कार्यसमिति सदस्य कैलाश कोठारी, पुष्कर सेवा सदन उपाध्यक्ष अनिल बांगड़, भीलवाडा जिला माहेश्वरी सभा अध्यक्ष अशोक बाहेती, पुष्कर सेवा सदन कार्यकारणी सदस्य सुरेश कचौलिया, संजय जागेटिया, विशेष आमत्रिंत सदस्य रमेश राठी, मनोहरलाल अजमेरा, कृष्णगोपाल सोडानी, लक्ष्मीनारायण काबरा, अशोक चेचाणी, पंकज पोरवाल सहित कई समाजजन उपस्थित रहे। पुष्कर सेवा सदन उपाध्यक्ष अनिल बांगड ने बताया की यह फैसला सदन की वार्षिक साधारण सभा में लिया गया, जहां समाज के लोगों ने घटती जनसंख्या पर चिंता व्यक्त की। यह एक प्रोत्साहन योजना है जो समाज के सदस्यों को अधिक बच्चे पैदा करने के लिए प्रोत्साहित करेगी। तीसरी संतान होने पर प्रोत्साहन एवं सम्मान स्वरुप फिक्स डिपोजिट पाप्त करने के लिए जिले के काछोला, पिपलून्द, आरजिया सहित भीलवाडा नगर से अभिभावक व परिवारजन उपस्थित रहे। पुष्कर ट्रस्ट की यह योजना वर्तमान मे संचालित है एवं पात्र जन आवेदन कर इस योजना का लाभ प्राप्त कर सकते है। इस योजना के साथ ही पुष्कर सेवा सदन सदैव ही सेवा कार्यो मे अग्रणी रहकर विभिन्न स्थानो पर भवन व भोजनशाला, विधवा पेशन व जन सेवा के माध्यम से सहयोग करता आ रहा।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट के सामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890